**NOTE / निर्देश :**

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 02.15 p.m. From 02.15 p.m. to 02.30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION – A / खण्ड – A

1 The reason for movement along a demand curve is ______. 1

(A) Change in income of buyer
(B) Change in price of the goods
(C) Change in price of substitute goods
(D) None of the above

मांग वक्र पर संचलन का कारण :

(A) क्रेता की आय में परिवर्तन है।
(B) वस्तु की कीमत में परिवर्तन है।
(C) प्रतिस्थापन वस्तु की कीमत में परिवर्तन है।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2 Which of the following is implicit cost? 1

(A) Unpaid family labour used on farms
(B) Farming on own land
(C) Use of tractor owned by farmer
(D) All the above

निम्नलिखित में कौन–सी अंतर्निहित लागत है?

(A) फार्म पर बिना भुगतान किये पारिवारिक श्रम का प्रयोग
(B) अपनी ही भूमि पर खेती
(C) किसान द्वारा अपने ट्रैक्टर का प्रयोग
(D) उपरोक्त सभी

3 When a demand curve is parallel to OX axis, then price elasticity of demand is : 1

जब माँग वक्र OX अक्ष के समानान्तर होती है, तो माँग की कीमत लोच होती है :

(A) 1 (B) 0
(C) $\infty$ (D) $> 1$

4 Supply of a commodity increases when : 1

(A) There is fall in price of other commodities.

(B) Taxes on it are increased.

(C) Number of buyers of the commodity increase.

(D) Any of above changes takes place.

वस्तु की पूर्ति बढ़ती है जब :

(A) अन्य वस्तुओं की कीमत घटती है।

(B) इस पर कर बढ़ा दिए जाते हैं।

(C) वस्तु के क्रेताओं की संख्या बढ़ जाती है।

(D) उपरोक्त में कोई भी परिवर्तन होता है।

5 Which of the following statements is true? 1

(A) MC rises only when AC is greater than it.

(B) MC curve cuts both AC and AVC curves at their minimum points.

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) Nor (B)

निम्नलिखित कथनों में से कौन–से सही हैं?

(A) केवल जब औसत लागत सीमान्त लागत से अधिक है तो सीमान्त लागत बढ़ती है।

(B) सीमान्त लागत वक्र, औसत लागत वक्र और औसत परिवर्ती लागत वक्र, दोनों को उनके न्यूनतम बिन्दु पर काटती है।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न तो (A) और न ही (B)

6 In which market there are no close substitutes of the commodity available? 1

(A) Monopoly (B) Perfect Competition

(C) Oligopoly (D) Monopolistic competition

किस बाजार में उत्पादित वस्तु की निकट स्थानापन वस्तु नहीं होती?

(A) एकाधिकार (B) पूर्ण प्रतियोगिता

(C) अल्पाधिकार (D) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

7 Every commercial bank has to keep a certain percentage of its deposits in cash and it is called : 1

(A) CRR (B) LRR

(C) SLR (D) None of the above

प्रत्येक वाणिज्य बैंक को अपनी जमाओं का एक निश्चित भाग नकद रूप में रखना होता है, इसे कहते हैं :

(A) नकद कोष अनुपात (B) वैधानिक कोष अनुपात

(C) वैधानिक तरलता अनुपात (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

8 Which of the following is not a function of Money?

(A) Encourage Savings (B) Medium of exchange

(C) Measure of value (D) Store of Value

निम्नलिखित में से कौन–सा मुद्रा का कार्य नहीं है ?

(A) बचत को प्रोत्साहित करना (B) विनिमय का माध्यम

(C) मूल्य का मापन (D) मूल्य का संग्रह

1

9 Which of the following statements are correct?

(A) There is inverse relationship between marginal propensity to save (mps) and investment multiplier.

(B) There is inverse relationship between average propensity to save and investment multiplier.

(C) There is inverse relationship between average propensity to consume and investment multiplier.

(D) None of the above

निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा सही है ?

(A) सीमांत बचत प्रवृत्ति और निवेश गुणक के बीच विपरीत संबंध होता है।

(B) औसत बचत प्रवृत्ति और निवेश गुणक के बीच विपरीत संबंध होता है।

(C) औसत उपभोग प्रवृत्ति और निवेश गुणक के बीच विपरीत संबंध होता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10 In which market firm is a price-taker? 1

(A) Monopoly (B) Monopolistic competition

(C) Oligopoly (D) Perfect Competition

किस बाजार में फर्म कीमत – स्वाकारक होती है ?

(A) एकाधिकार (B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

(C) अल्पाधिकार (D) पूर्ण प्रतियोगिता

11 Equilibrium price of commodity is determined by the - 1

(A) Sellers (B) Forces of demand and supply

(C) Government (D) None of the above

वस्तु की संतुलन कीमत निर्धारित की जाती है :

(A) विक्रेताओं द्वारा (B) माँग और पूर्ति की शक्तियों द्वारा

(C) सरकार द्वारा (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

12 Which of the following statements is correct ? 1

(A) Primary deficit less interest payments is fiscal deficit.
(B) Calculation of fiscal deficit does not include borrowings.
(C) All indirect taxes are levied by State Governments.
(D) Property tax is direct tax.

निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा सही है ?

(A) प्राथमिक घाटा में से ब्याज भुगतान घटाने पर राजकोषीय घाटा प्राप्त होता है।
(B) राजकोषीय घाटे की गणना में ऋणों को शामिल नहीं किया जाता।
(C) सभी अप्रत्यक्ष कर राज्य सरकारों द्वारा लगाए जाते हैं।
(D) सम्पत्ति कर एक प्रत्यक्ष कर है।

13 Which of the following is a Revenue Expenditure ? 1

(A) Repayment of loans
(B) Salaries of Government employees
(C) Maintenance of Government property
(D) Construction of roads

निम्नलिखित में से कौन–सा राजस्व व्यय है ?

(A) ऋणों का पुनः भुगतान
(B) सरकारी कर्मचारियों का वेतन
(C) सरकारी सम्पत्ति का रखरखाव
(D) सड़कों का निर्माण

14 Which of the following is an intermediate goods? 1

(A) Pen purchased by a student.
(B) Sugar purchased by shopkeeper.
(C) Sewing machine purchased by household.
(D) None of the above

निम्नलिखित में से कौन–सी मध्यवर्ती वस्तु है ?

(A) एक विद्यार्थी द्वारा खरीदा गया पेन।
(B) दुकानदार द्वारा खरीदी गई चीनी।
(C) एक गृहस्थ द्वारा खरीदी गई सिलाई मशीन।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15 Scope of consumption curve measures - 1

(A) APC
(B) MPC
(C) APS
(D) None of the above

उपभोग वक्र का ढलान मापती है –

(A) औसत उपभोग प्रवृत्ति
(B) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति
(C) औसत बचत प्रवृत्ति
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

16 The correlation between two variables A and B is positive. This means if A increases, then B : 1

(A) May increase
(B) May not increase
(C) Will increase
(D) None of the above

A और B दो चर राशियों में धनात्मक सहसंबंध है। इसका अर्थ है यदि A बढ़ती है, तो B

(A) बढ़ सकती है
(B) ना बढ़े
(C) बढ़ेगी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17 Which of the following is not a characteristic of arithmetic average ? 1

(A) It is easy to calculate.
(B) All values in the series are used to calculate it.
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) Nor (B)

निम्नलिखित में से कौन–सी अंकगणितीय माध्य की विशेषता नहीं है ?

(A) इसकी गणना करना सरल है।
(B) श्रेणी के सभी मूल्यों को इसकी गणना में प्रयुक्त किया जाता है।
(C) (A) और (B) दोनों
(D) न तो (A) और न ही (B)

18 A point inside production possibility curve shows : 1

(A) Inefficient utilization of resources
(B) Overemployment of Resources
(C) Better utilization of resources
(D) None of the above

उत्पादन संभावना वक्र के अंदर एक बिन्दु दर्शाता है :

(A) संसाधनों का अकुशल प्रयोग
(B) संसाधन रोजगार में आवश्यकता से अधिक
(C) संसाधनों का बेहतर उपयोग
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19 Growth of resources in the economy results in :

(A) Change in shape of production possibility curve

(B) Downward shift of production possibility curve

(C) Upward shift of production possibility curve

(D) None of the above

अर्थव्यवस्था में संसाधनों के विकास से :

(A) उत्पादन संभावना वक्र का आकार बदल जाता है।

(B) उत्पादन संभावना वक्र नीचे की ओर खिसकती है।

(C) उत्पादन संभावना वक्र ऊपर की ओर खिसकती है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

20 Which of the following is an example of growth of resources?

(A) Increase in Population

(B) Increase in Natural Resources

(C) Improvement in quality of resources

(D) All the above

निम्नलिखित में से कौन–सा संसाधनों के विकास का एक उदाहरण है?

(A) जनसंख्या में वृद्धि

(B) प्राकृतिक संसाधनों में वृद्धि

(C) संसाधनों की गुणवत्ता में सुधार

(D) उपरोक्त सभी

21 Which two of the following are not determinant of supply of a commodity by a firm ?

(i) Income of the buyers

(ii) Prices of related goods

(iii) Taxation Policy

(iv) Tastes of consumers

निम्नलिखित में कौन–से दो किसी वस्तु की एक फर्म द्वारा पूर्ति के निर्धारक नहीं हैं?

(i) क्रेताओं की आय

(ii) संबंधित वस्तुओं की कीमतें

(iii) कर नीति

(iv) उपभोक्ताओं की रुचि

22 Fill in the blanks :

Equilibrium price of a commodity is determined by the ________ and can be changed by ________.

रिक्त स्थानों को भरिए :

एक वस्तु की संतुलन कीमत ________ निर्धारित करता है और इसे ________ बदल सकता है।

23 Fill in the blanks :

(i) A producer will use that technology which is available at _______ cost.

(ii) Production possibility curve highlights the problem of ______ to produce.

रिक्त स्थानों को भरिए :

(i) एक उत्पादक वह प्रौद्योगिकी प्रयोग में लाएगा जो _______ लागत पर उपलब्ध है।

(ii) उत्पादन संभावना वक्र ______ उत्पादन करें की समस्या को दर्शाता है। 2

24 Fill in the blanks :

Straight line upward sloping supply curve passing through the ______ is elastic throughout while passing throughout the ______ is inelastic throughout.

रिक्त स्थानों को भरिए :

______ से गुजरता एक ऊपर की ओर ढलवा सीधी रेखा पूर्ति वक्र प्रत्येक बिन्दु पर लोचदार होता है जबकि ______ से गुजरता बेलोच होता है। 2

25 Fill in the Blanks :

(i) The point where income and consumption are equal is called ________ point in the economy.

(ii) In macro economics investment can be categorized into autonomous and ________.

रिक्त स्थानों को भरिए :

(i) अर्थव्यवस्था में जहाँ आय और उपभोग एक समान होते हैं, उसे ________ बिन्दु कहते हैं।

(ii) समष्टि अर्थशास्त्र में निवेश को स्वायत्त और ________ में वर्गीकृत किया जा सकता है। 2

26 State True or False :

(i) AVC Curve lies above the ATC curve.

(ii) Both TFC curve and TC curve start fromY-axis.

बताइए सही या गलत :

(i) औसत परिवर्तनीय लागत वक्र औसत कुल लागत वक्र के ऊपर होता है।

(ii) कुल स्थिर लागत वक्र तथा कुल लागत वक्र दोनों Y-अक्ष से शुरू होते हैं।

27 Fill in the blanks :

(i) NDP at Factor Cost equals the sum of compensation of employees, rent, interest and ________.

(ii) GDP at factor cost is the sum of NDP at factor cost and ________.

रिक्त स्थानों को भरिए :

(i) कर्मचारियों के पारिश्रमिक, किराया, ब्याज और ________ के योग के बराबर साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद कहलाता है।

(ii) साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद और ________ का योग साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद कहलाता है।

**28** State True or False : **2**

(i) Fall in price of the goods 'decreases' supply.

(ii) Rise in the price of goods causes 'expansion' of supply.

बताइए सही या गलत :

(i) वस्तु की कीमत में गिरावट पूर्ति में 'कमी' लाती है।

(ii) वस्तु की कीमत में वृद्धि पूर्ति में 'विस्तार' लाती है।

**29** Which two of the following are not assumptions of law of demand ? **2**

(i) Price of the goods does not change.

(ii) Income of the buyers do not change.

(iii) Tastes and preferences of buyers change.

निम्नलिखित में से कौन–सी दो माँग के नियम की मान्यताएँ नहीं हैं?

(i) वस्तु की कीमत नहीं बदलती।

(ii) क्रेताओं की आय नहीं बदलती।

(iii) क्रेताओं की रुची व पसंदगी बदलती है।

**30** Fill in the blanks : **2**

(i) 'Increase' in demand takes place when quantity demanded rises at the same ______.

(ii) Movement along the demand curve takes place when ______ changes.

रिक्त स्थानों को भरिए :

(i) माँग में 'वृद्धि' तब होती है जब माँग मात्रा उसी ______ पर बढ़ती है।

(ii) माँग वक्र पर संचलन तब होता है, जब ______ बदलती है।

**31** Fill in the blanks : **2**

Laspeyre's price index number uses ______ year quantities as weights whereas Paasche's price index number uses ______ year quantities as weights.

रिक्त स्थानों को भरिए :

लास्पेयर का कीमत सूचकांक ______ वर्ष की मात्राओं को भार के रूप में प्रयोग करता है जबकि पाशे का कीमत सूचकांक ______ वर्ष की मात्राओं को भार के रूप में प्रयोग करता है।

iQOO Z5
Jan 5, 2026, 14:57

**32** Fill in the blanks :

(i) If in an economy production is obtained under constant returns, then production possibility curve will be a downward sloping ________ line.

(ii) PPC is ______ to the point of origin.

रिक्त स्थानों को भरिए :

(i) यदि किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादन के स्थिर प्रतिफल है तो उत्पादन संभावना वक्र नीचे की ओर ढलवा ________ रेखा होती है।

(ii) उत्पादन संभावना वक्र उद्‌गम बिन्दु के _______ होता है।

**2**

**33** State True or False :

(i) When a fall price of a goods results in fall total expenditure on it then elasticity of demand $(e_d) < 1$.

(ii) When total expenditure on a commodity does not change with change in price then elasticity of demand $(e_d) < 1$.

बताइए सही या गलत :

(i) जब एक वस्तु की कीमत घटने पर उस पर किया जाने वाला कुल व्यय घटता है, तब माँग की लोच $< 1$ होती है।

(ii) जब वस्तु की कीमत बदलने पर उस पर किए जाने वाला कुल व्यय अपरिवर्तित रहता है, तो माँग लोच $< 1$ होती है।

**2**

**34** Fill in the blanks :

(i) Credit is controlled by ________.

(ii) Cash reserve ratio is fixed by ________.

रिक्त स्थानों को भरें :

(i) साख नियंत्रण किया जाता है ________ के द्वारा।

(ii) नकद कोष अनुपात निर्धारित की जाती है ________ के द्वारा।

**2**

**35** Categorize into true or false of the following :

(i) Bank rate is the rate at which R.B.I. gives loan to government.

(ii) Open market operations are done by Commercial Banks.

निम्नलिखित को सही / गलत में वर्गीकृत करें :

(i) बैंक दर वह दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक सरकार को ऋण देता है।

(ii) खुले बाजार की क्रियाएँ वाणिज्यिक बैंक करते हैं।

## SECTION – B / खण्ड – B

36 Calculate Paasche's index number from the following data : 2

निम्नलिखित आँकड़ों से पाशे का मूल्य सूचकांक ज्ञात कीजिए :

$\sum p_1 q_1 = 96$

$\sum p_0 q_1 = 60$

**OR / अथवा**

Calculate Laspeyre's index number from the following data :

निम्नलिखित आँकड़ों से लास्पेयर मूल्य सूचकांक की गणना करें :

$\sum p_1 q_0 = 400$

$\sum p_0 q_0 = 220$

37 Explain the reasons for the inverse relationship between price of a commodity and its quantity demanded in the context of Law of Diminishing Marginal Utility. 2

ह्रासमान सीमांत उपयोगिता के नियम के संदर्भ में वस्तु की कीमत और माँग मात्रा में विपरीत संबंध के कारण बताइए।

**OR / अथवा**

Explain the exceptions to the law of demand in context of necessities.

अनिवार्यताओं के संदर्भ में माँग के नियम के अपवाद समझाइए।

38 In an economy income(y) increased by ₹ 10,000 due to an increase in investment of ₹ 2,000. Calculate the value of mpc. 2

एक अर्थव्यवस्था में निवेश में ₹ 2,000 वृद्धि होने पर आय(y) में ₹ 10,000 की वृद्धि होती है। सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

39 If in an economy MPC = 0.9, what change will take place in its income if investment is increase by ₹ 10,000. 2

यदि एक अर्थव्यवस्था में सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.9 है, तो निवेश के ₹ 10,000 बढ़ने से इसकी आय कितनी बढ़ेगी ?

40 Fill in the missing number :

रिक्त स्थानों को भरिए :

| Marks (अंक) | Number of Students (विद्यार्थियों की संख्या) |
|---|---|
| 10 | 10 |
| ---- | 25 |
| 50 | 15 |
| $\overline{X} = 22$ | |

2

41 Explain the changes that take place when there is a situation of excess supply of a commodity.

एक वस्तु की पूर्ति आधिक्य की स्थिति में बाजार में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

2

42 In a factory there are 6 male and 4 female workers. The average wage of male workers is ₹ 500 per day and of female workers it is ₹ 300 per day. Find the combined average wage rate.

एक फैक्ट्री में 6 पुरुष और 4 स्त्रियाँ काम करती हैं। पुरुषों की औसत मजदूरी दर ₹ 500 प्रतिदिन है और स्त्रियों की औसत मजदूरी दर ₹ 400 प्रतिदिन है। फैक्ट्री में मजदूरों की औसत मजदूरी प्रतिदिन कितनी है?

4

43 Define standard deviation. State its properties.

मानक विचलन की परिभाषा दीजिए। इसकी विशेषताएँ बताइए।

**OR / अथवा**

State the method of calculating standard deviation.

मानक विचलन का आकलन करने की विधि बताइए।

44 Will the following be added in national income of India? Give reasons. 4

(i) Money received from sale of old newspapers.

(ii) Salary given to an American citizen working in a Bank in India.

क्या निम्नलिखित को भारत की राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाएगा? कारण बताइए।

(i) पुराने अखबारों को बेचकर राशि प्राप्त की।

(ii) अमेरिका के एक नागरिक को भारत के एक बैंक में कार्य करने पर उसका वेतन।

**45** Complete the following table : **4**

निम्नलिखित तालिका को पूरा करें :

| Output उत्पादन (units) | Total Cost कुल लागत (₹) | Total Variable Cost कुल परिवर्ती लागत (₹) | Marginal Cost सीमान्त लागत (₹) |
|---|---|---|---|
| 0 | 24 | – | – |
| 1 | 40 | – | – |
| 2 | 48 | – | – |
| 3 | 60 | – | – |
| 4 | 88 | – | – |

**46** Explain Banker to the Banks function of Central Bank. **4**

केन्द्रीय बैंक का बैंकों का बैंक कार्य समझाइए।

**OR / अथवा**

Explain 'Banker to the Government' function of Central Bank.

केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंक' कार्य समझाइए।

**47** Draw: **4**

(i) Unit elastic demand curve

(ii) Perfectly inelastic demand curve


Mark axes and curves clearly.

खींचिए :

(i) इकाई के बराबर लोच वाली माँग वक्र

(ii) पूर्णतया बेलोचदार माँग वक्र

अक्ष और वक्र स्पष्टतः चिन्हित कीजिए।




**48** Draw a consumption curve and a savings curve. Explain their points of origin. **4**

एक उपभोग वक्र खींचिए और एक बचत वक्र खींचिए। इनके उद्‌गम बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।



iQOO Z5
Jan 5, 2026, 14:57